दैनिक उद्योग आस-पास | जयपुर, शनिवार, 12 फरवरी, 2016

संगोष्ठी का आयोजन

पिलानी। बिट्स पिलानी कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग और इलास्टोमर टेक्नोलॉजी डिवल्पमेन्ट सोसायटी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी पॉलीमर में सत्त प्रौद्योगिकी विकास ससटेनएबल टेक्नोलाजी डवलपमेन्ट इन पॉलीमर संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ श्रीनिवासन दुरस्वामी, निदेशक, डॉ रेड्डी लेबोट्री, आइपीडीओ हैदराबाद और बिट्स पिलानी, पिलानी परिसर निदेशक प्रोफेसर अशोक कुमार सरकार द्वारा दिप प्रजवलित कर किया गया। इस दौरान डॉ एस.एन चक्रवर्ती, अध्यक्ष इलास्टोमर टेक्नोलॉजी डिवलपमेन्ट सोसायटी, डॉ डी.के. शुक्ला, निदेशक डिफेन्स मैटेरियल रिसर्च एण्ड डिवल्पमेंन्ट, डी. जे बहरूच, मुबंइ, डॉ रामकी सुब्रमन्यन, हैड ऑफ बिजनेस डेवलपमेन्ट, प्रो एस.बी.सिह बिटस पिलानी, डॉ विरेन्द्र कुमार, साइन्टीफिक ऑफिसर भाभा एटोमिक रिसर्च सेन्टर, मुम्बई और बिट्स पिलानी प्रशासनिक अधिकारी प्रोफेसर सिवासुब्रमन्यन तथा अन्य वरिष्ठ प्रोफेसर एवं अधिकारी भी उपस्थित थे। डॉ श्रीनिवासन ने अपने संदेश में उपस्थित छात्रों, रिसर्च स्कालर्स एंव फैक्लटी को अपने विचार व्यक्त किये तथा उपरोक्त विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया की पॉलीमर प्रौद्योगिकी एक पहलू व सामग्री विज्ञान की शाखा है तथा एक लम्बी श्रंखला के अणुओं का अध्ययन है जो आधुनिक प्रौद्योगिकी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा उस से सम्बधित है। उन्होंने बताया की आमतौर पर मैटेरियल सांइस को पॉलिमर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जैसे प्लास्टिक, रबर, पेन्ट, फोम, चिपकाने वाल पदार्थ आदि सामग्रीयां व्यावहारिक जीवन के हर पहलू में मौजूद हैं और उनके बिना व्यावहारिक जीवन अंसभव है। इंडस्ट्रीज पूर्णतया इन पर निर्भर हैं। लेकिन इस तरक के विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान और इंजीनियरिंग के रूप में इस विषय पर छात्रों को शिक्षित होता तथा उन पर अनुसंधान करना आवश्यक है। व्यापक अनुसंधान और विकास पॉलिमर के क्षेत्र में किया जाता है। इस तरह की आयोजित संगाष्ठियो के माध्यम से उद्योग और शिक्षा से प्रख्यात हस्तियों को आंमत्रित कर प्रौद्योगिकी के विकास में प्रतिभागियों को संगोष्ठी विशेषज्ञों के व्याख्यान सत्र, पैनल चर्चा, और प्रतिभागियों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति के समावेश से ज्ञान और विचार प्रदान किये जाते है। प्रतिभागियों के सर्वश्रेष्ठ हित के लिए इस तरह की संगोष्ठियों का आयोजन किया जाना चाहिये। संगाष्ठी के अंत में एक विशेषाधिकार के तहत डॉ सोमनाथ चक्रवर्ती जो कि एक प्रख्यात विद्वान एंव मसेंजवउमते के क्षेत्र के जाने माने वैज्ञानिक हैं का सम्मानित किया गया।

सीमा सन्देश
जयपुर, शनिवार
12 मार्च, 2016

संगोष्ठी का आयोजन

पिलानी। बिट्स पिलानी कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग और इलास्टोमर टेक्नोलॉजी डवलपमेन्ट सोसायटी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय 'पॉलीमर में सत्त प्रौद्योगिकी विकास' संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसका शुभारम्भ डॉ. श्रीनिवासन दुरस्वामी और प्रोफेसर अशोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पॉलीमर प्रौद्योगिकी एक पहलू व सामग्री विज्ञान की शाखा है। एक लम्बी श्रृंखला के अणुओं का अध्ययन है जो आधुनिक प्रौद्योगिकी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा उससे संबंधित है।

. उन्होंने कहा की आमतौर पर मैटेरियल सांइस को पॉलिमर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जैसे प्लास्टिक, रबर, पेन्ट, फोम, चिपकाने वाले पदार्थ आदि सामग्रियां व्यावहारिक जीवन के हर पहलू में मौजूद हैं और उनके बिना व्यावहारिक जीवन अंसभव है। इंडस्ट्रीज पूर्णतया इन पर निर्भर हैं, लेकिन इस तरह के विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान और इंजीनियरिंग के रूप में इस विषय पर छात्रों को शिक्षित होना तथा उन पर अनुसंधान करना आवश्यक है। व्यापक अनुसंधान और विकास पॉलिमर के क्षेत्र में किया जाता है। इस तरह की आयोजित संगाष्ठियों के माध्यम से उद्योग और शिक्षा से प्रख्यात हस्तियों को आंमत्रित कर प्रौद्योगिकी के विकास में प्रतिभागियों को संगोष्ठी विशेषज्ञों के व्याख्यान सत्र, पैनल चर्चा और प्रतिभागियों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति के समावेश से ज्ञान और विचार प्रदान किये जाते हैं। प्रतिभागियों के सर्वश्रेष्ठ हित के लिए इस तरह की संगोष्ठियों का आयोजन किया जाना चाहिये। संगोष्ठी के अंत में एक विशेषाधिकार के तहत डॉ. सोमनाथ चक्रवर्ती जो कि एक प्रख्यात विद्वान एवं के क्षेत्र के जाने माने वैज्ञानिक हैं का सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के संचालक डॉ. बन्सरी रॉय और डॉ. सोनल मंजुमदार ने उपस्थित थे।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आज

पिलानी। हलवान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल में शनिवार को अस्थमा, दमा व एलर्जी रोग विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें जापानी मशीन स्पाइरोमीटर द्वारा फेफड़ों की निःशुल्क जांच की जाएगी।

सीकर, शनिवार 12 मार्च, 2016 | 20 | दैनिक भास्कर

डवलपमेंट इन पॉलीमर विषयक संगोष्ठी हुई

भास्कर न्यूज | पिलानी

बिट्स परिसर में शुक्रवार को सस्टेनेबल टेक्नॉलॉजी डेवलपमेंट इन पॉलीमर विषयक संगोष्ठी हुई। बिट्स केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईसीएचई पिलानी रीजनल सेंटर व इलास्टोमर टेक्नॉलॉजी डेवलपमेंट सोसायटी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. रेड्डी लेबोरेट्री आईपीडीओ हैदराबाद के निदेशक डॉ. श्रीनिवासन दुरैस्वामी थे। अध्यक्षता बिट्स निदेशक प्रो. अशोक कुमार सरकार ने की। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीनिवासन ने कहा कि पॉलीमर प्रौद्योगिकी एक पहलू व सामग्री विज्ञान की शाखा है तथा एक लंबी श्रृंखला के अणुओं का अध्ययन है जो आधुनिक प्रौद्योगिकी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर इलास्टोमर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. सोमनाथ चक्रवर्ती को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों के व्याख्यान सत्र, पैनल चर्चा, व पोस्टर प्रस्तुतिकरण किया गया।

संचालक डॉ. बंसरी रॉय व डॉ. सोनल मजूमदार ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर इलास्टोमर टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. एसएन चक्रवर्ती, डिफेंस मेटेरियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के निदेशक डॉ. डीके शुक्ला, डॉ. डीजे बहरुच मुम्बई, डॉ. रामकी सुब्रमन्यन, प्रो. एसबीसिंह, डॉ. वीरेंद्र कुमार सहित प्रतिभागी, स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स मौजूद थे।

दैनिक भास्कर सीकर, शनिवार 12 मार्च, 2016 18

बिट्स टीम ने जीते 12 स्वर्ण

पिलानी | नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट नई दिल्ली द्वारा तीन से छह मार्च तक आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता "जाफिर-16" में 12 स्वर्ण, 13 रजत व पांच कांस्य पदक के साथ बिट्स स्पोर्ट्स टीम चैंपियन रही। बिट्स खेल प्रशिक्षक बाबूलाल नायक व संचिता के निर्देशन में महिला वर्ग में हर्षिता वर्मा ने 400 व 1500 मी दौड़ में तथा नेहा ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता। हर्षिता को बेस्ट एथलीट के खिताब से सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में जी श्रीनिवासन ने 100मी हर्डल दौड़ में, उत्कर्ष वशिष्ठ ने 400 मी में, आदित्य रेहान गोला फैंक व तश्तरी फैंक में स्वर्ण पदक जीते। महिला वर्ग में कैरम, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, वॉलीबाल में तथा पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल में भी टीम ने स्वर्ण पदक जीते। बॉस्केटबॉल, क्रिकेट व फुटबॉल में टीम उपविजेता रही। टीम ने 30 पदकों के साथ प्रतियोगिता चैम्पियनशिप भी जीती। टीम के पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों व स्टूडेंट्स ने सम्मानित किया।

राजस्थान पत्रिका 12 झुंझुनूं . शनिवार . 12.03.2016

बिट्स की टीम सम्मानित

पिलानी @ पत्रिका. बिट्स पिलानी, स्पोर्ट्स टीम ने नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में बाबूलाल नायक एवं संचिता के निर्देशन में बेहतर प्रदर्शन किया। टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 12 स्वर्ण 13 रजत और 5 कांस्य पदक जीतकर बिट्स पिलानी का नाम रोशन किया। पुरूष वर्ग में उत्कर्ष वशिष्ठ ने 400 मीटर दौड़, आदित्य रेहान ने शॉटपुट एवं डिस्कस थ्रो में तथा जी श्रीनिवासन ने 100 मीटर हर्डल दौड़ में स्वर्ण पदक अर्जित किया और महिला वर्ग में हर्षिता वर्मा ने 400 और 1500 मीटर दौड़ में तथा नेहा ने लम्बी कूद में स्वर्ण पदक अर्जित किया।